Andhra Pradesh, Karnataka, Madhya Pradesh, Maharashtra and Orissa are the party States in respect of disputes relating to the Godavari Basin while Gujarat, Madhya Pradesh, Maharashtra and Rajasthan are concerned with the Narmada Water Dispute. The disputes relating to the Narmada and Godavari waters are at present before the Tribunals for adjudication.

Seven major and one medium irrigation schemes are in the Basins common to Bihar and West Bengal. An official level understanding for these projects which are in the Ajoy, Mahananda, Subarnarekha and Damodar Basins has been reached. This is being examined in consultation with the State Governments as it involves the use and development of Damodar Waters which is under the purview of the Damodar Valley Corporation under the Damodar Valley Corporation Act, 1948 and impinges on the provisions of the Act.

Five major and five medium projects are in the Yamuna Basin. Availability and sharing of waters of the Yamuna are being examined in consultation with the State Governments of Haryana, Himachal Pradesh, Rajasthan, Uttar Pradesh and Delhi Administration.

Clearance of Thein Dam Project across the Ravi is pending for a decision with regard to the sharing of costs and power benefits. The matter is being pursued with the concerned State Governments of Himachal Pradesh, Jammu & Kashmir, Punjab and Rajasthan.

Bahuda Stage-II Project of Orissa in the Bahuda Basin which is common to the States of Andhra Pradesh and Orissa is under discussions between the Officers of the two States.

Attempts are being made to resolve all the disputes except those relating to Narmada and Godavari by mutual discussions.

## उत्तर प्रदेश में नलकूप लगाने के लिए केन्द्रीय सहायता

4704. **श्री राम लाल राही** : क्या कृषि और सिंचाई मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि वर्ष 1977–78 के लिए उत्तर प्रदेश को सिंचाई हेतु दिये जाने वाले अनुदान में से राजकीय नलकूपों पर कितनी धनराशि खर्च की जायेगी ?

**कृषि और सिंचाई मंत्री (श्री सुरजीत सिंह बरनाला)** : प्रचलित पद्धति के अनुसार वार्षिक योजना के लिए केन्द्रीय सहायता राज्य योजना स्कीमों के लिये ऋण और अनुदान के रूप में एक मुश्त रकम के तौर पर दी जाती है और इसका किसी विशेष योजना अथवा विकास के शीर्ष से कोई संबंध नहीं होता ।

वर्ष 1977–78 के लिए राज्य की योजना में उत्तर प्रदेश राज्य नलकूप कार्यक्रम के लिए 25.40 करोड़ रुपये के परिव्यय की व्यवस्था की गई है ।

## बीजों का विकास और उनकी मांग

4705. **श्री रामधारी शास्त्री** : क्या कृषि और सिंचाई मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राष्ट्रीय बीज निगम ने कितनी मात्रा में और कितनी किस्मों के विभिन्न बीजों का विकास किया ;

(ख) वर्ष 1977–78 में खरीफ की फसलों के लिए किन-किन राज्यों से मांग आई है और प्रत्येक राज्य ने कितनी-कितनी मांग की है ; और

(ग) निगम उनकी कितनी मांग पूरी कर सकेगा ?